भारत सरकार

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

हिन्दी प्रश्न पत्र–1

समयः 3:00 घंटा पूर्णांक : 100

प्रश्न 1:

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

क) सूचना का अधिकार (आर.टी.आई.)

ख) संपर्क–सूचना और रोजगार की भाषा के रूप में हिन्दी

ग) पब्लिक और कॉन्वेंट स्कूलों में शिक्षा एक व्यापार बन गयी है।

अंक 20

प्रश्न 2: आप एक सरकारी विभाग में मुख्य इंजीनियर हैं। वहाँ बहुत से कार्य ठेके पर होते हैं। कभी–कभी दुर्घटनाएं हो जाती हैं, जिनमें श्रमिकों/कर्मकारों को चोटें लग जाती हैं और उनकी जान का जोखिम भी बना रहता है। चूँकि ठेकेदार कार्मिकों/श्रमिकों की सुरक्षा (Safety) का जिम्मेदार है। ठेकेदार द्वारा श्रमिकों की सुरक्षा के पुरे प्रबंध किए जाने चाहिए? सभी इंजीनियरों को इस विषय पर सचेत और सर्तक रहना चाहिए। कृपया एक परिपत्र द्वारा अपने अधीनस्थ सभी इंजिनियरों का ध्यान इस ओर आकर्षित कीजिए।

अंक 15

प्रश्न 3: निम्नलिखित अनुच्छेद को शुद्ध करके लिखिए।

क) केन्दरीय लौक निंमान वीभाग दवारा देस के सरकारि कार्यालयो के मूख्य भवनो के अनुरकशन संबधी कार्यो का निश्पादन अती कुशलतापुर्वक कीया जाता हैं। इसके लिए इजिनिरिग और तकनीकि सटाफ का यौगदान अती सरहनीय हैं।

अंक 5

ख) नीचे लिखे शब्दों के आगे तीन–तीन अर्थ दिए गए हैं उनमें से सही अर्थ का चयन करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) पांडुलिपि | (क) धार्मिक ग्रंथ | (ख) कथानक | (ग) हस्तलिखित |
| 2) औचित्य | (क) परिपूर्ण | (ख) न्यायोचित | (ग) अधिकृत |
| 3) निष्पादन | (क) प्रदर्शन | (ख) उत्पादन | (ग) अनुकरण |
| 4) तात्पर्य | (क) अवधारणा | (ख) दर्शन | (ग) आशय |
| 5) शाश्वत | (क) नवीन | (ख) सनातन | (ग) अद्यतन |

अंक 5

ग) नीचे लिखे शब्दों के आगे तीन तीन अर्थ दिए गए हैं उनमें से सही अर्थ का चयन करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) प्रलेख | (क) Draft | (ख) Document | (ग) Bond |
| 2) विवरणिका | (क) Ordinance | (ख) Notification | (ग) Brochure |
| 3) कुटिल | (क) Riotous | (ख) Rude | (ग) Devious |
| 4) संपर्क अधिकारी | (क) Officer In charge | (ख) Liaison Officer | (ग) Office bearer |
| 5) क्रमशः | (क) Sequence | (ख) Order | (ग) Successively |

अंक 5

कृ.पृ.उ.

प्रश्न 4: निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

(क) वर्तमान (ख) प्रत्यक्ष (ग) अवर (घ) परिश्रम (ङ) अति (च) उपयुक्त (छ) अतिवृष्टि

(ज) निर्माण (झ) सार्थक (ञ) अपव्यय

अंक 10

प्रश्न 5: निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची लिखिए।

(क) कोयल (ख) नदी (ग) अक्षर (घ) अंधकार (ङ) अग्नि

अंक 5

प्रश्न 6: अनेक शब्दों अथवा पदबंधों के लिए एक–एक शब्द लिखिए।

(क) साथ काम करने वाला।
(ख) अपनी हत्या करने वाला।
(ग) जंगल में अपने आप लगने वाली आग।
(घ) जो व्यक्ति प्रत्येक कार्य देर से करे।
(ङ) सुर्योदय से पहले का समय।

अंक 5

प्रश्न 7: निम्नलिखित अनुच्छेद का सार और इसका उपयुक्त शीर्षक लिखें।

औद्योगिक एवं वैज्ञानिक प्रगति के युग में वन–संपदा विनाश के कगार पर दिखाई दे रही है। प्रतिस्पर्धा के इस युग में अत्यधिक उद्योग–धंधों की स्थापना से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। आर्थिक विकास हेतु कल–कारखाने वन–संपदा का स्थान ले रहे हैं। ऐसे में जनसंख्या की असीमित वृद्धि के कारण नगरों व महानगरों की स्थापना हुई। प्रारंभ में नगर बिना किसी पूर्व योजना के बसाए गए थे। अतः नगरों की बसावट के लिए जंगलों को काटना अनिवार्य हो गया। कल–कारखानों का जहरीला धुआँ व रसायन–मिश्रित जल का निकास वातावरण को प्रदूषित करने लगा। वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण पेड़–पौधे और वन्य–जीवन समाप्त होने लगे हैं। जीव–जंतुओं के लुप्त हो जाने से प्रकृति की स्वाभाविक प्रक्रिया में असंतुलन उत्पन्न हो गया है। प्रदूषण प्राणिमात्र के लिए तो अभिशाप है ही, साथ ही साथ यह पर्यावरण का भी हननकर्ता बनता जा रहा है। ईंधन जलने से वायुमंडल में कार्बन–डाई–ऑक्साइड की मात्रा प्रतिवर्ष बढ़ रही है। मानव सभ्यता का अनियमित विकास तीव्र गति से जंगलों, जलाशयों और नदियों को निगलता जा रहा है। वातावरण का प्रदूषण मनुष्य के मन और शरीर दोनों को विकृत कर रहा है।

अंक 15

प्रश्न 8: निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय लिखें।

(a) Gradation (b) Defacto (c) Modus operandi (d) Bad debt
(e) Write off (f) Foundation (g) Unilateral action (h) Vigilance
(i) Complimentary (j) Standing Order (k) Reimbursement (l) Auditorium
(m) Compilation (n) Outstanding (o) Indigenous

अंक 15